प्रेस नोट

दिनांक 01.10.2024

आगामी त्यौहार नवदुर्गा एवं दशहरा के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न।

आज दिनांक 1 अक्टूबर 2024 को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट हमीरपुर में श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदया की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार नवदुर्गा और दशहरा के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले त्यौहारों के दौरान जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखना। बैठक में विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु, प्रमुख समाजसेवी/ संभ्रान्त व्यक्ति उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक महोदया ने त्यौहारों के दौरान सुरक्षा के इंतजामों के बारे में जानकारी साझा की व संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और CCTV कैमरों की निगरानी सुनिश्चित करने के साथ ही भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष चौकसी हेतु सन्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

त्यौहारों के समय में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष योजनाओं पर चर्चा की गई। मंदिरों और जुलूस मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से किए जाने हेतु सन्बन्धित को निर्देशित किया गया।

सभी धर्मों के धर्मगुरुओं और प्रमुख समाजसेवी/ संभ्रान्त व्यक्ति से अपील की गई कि वे अपने-अपने समुदायों में शांति और आपसी भाईचारे को बढ़ावा दें। सोशल मीडिया पर अफवाहों और भड़काऊ सामग्री से बचने की सलाह दी गई और किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने का अनुरोध किया गया।

जिलाधिकारी महोदय ने नगर पालिका को निर्देश दिया गया कि वे पूजा स्थलों और जुलूस मार्गों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट रहने और किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया। धार्मिक आयोजनों में ध्वनि, जुलूसों की समयसीमा, और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के नियमों का पालन करने के लिए आयोजक कमेटी के सदस्यों से अपील की गई। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे पुलिस व प्रशासन का सहयोग करते हुए मिलकर त्यौहारों को शांति, सौहार्द और उल्लासपूर्वक मनाएं।

इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी भी मौजूद रहे।

HAMIRPUR

HAMIRPUR